दिन– शनिवार दिनांक– 12 / 09 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में नई दिल्ली घोषणा–पत्र स्वीकार। आतंकवाद के खिलाफ सामूहिक कार्रवाई पर जोर।

02. शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया।

03. न्यायमूर्ति वी. कामेश्वर राव कल पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे।

04. और, नदियों के जलस्तर में लगातार गिरावट से प्रदेश में बाढ़ की स्थिति में मामूली सुधार। अड़तालीस लाख लोग अब भी बाढ़ की चपेट में।

---

नई दिल्ली के भारत मंडपम् में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के पहले दिन ब्रिक्स देशों ने सर्वसम्मति से नई दिल्ली घोषणापत्र को स्वीकार कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्र के अंत में इस घोषणापत्र को अपनाने का प्रस्ताव रखा था। समापन भाषण में प्रधानमंत्री ने कहा कि नई दिल्ली घोषणापत्र सदस्य देशों के साझा संकल्प को स्पष्ट दिशा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि अब इन संकल्पों को ठोस परिणामों में बदलना ब्रिक्स की साझा जिम्मेदारी है।

–––बाइट–––

नई दिल्ली घोषणापत्र पर आइये सुनते हैं एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

नई दिल्ली घोषणा–पत्र में आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ दृढ़ और सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। सदस्य देशों ने अंतरराष्ट्रीय विवादों और संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता दोहराई है। घोषणा–पत्र में संयुक्त राष्ट्र सहित वैश्विक शासन संस्थाओं में व्यापक सुधार की आवश्यकता पर भी बल दिया गया है। इसमें विकासशील देशों की अधिक भागीदारी और प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की बात कही गई है। ब्रिक्स देशों ने बहुपक्षवाद को मजबूत करने तथा व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और सतत विकास के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति व्यक्त की है। समाचार कक्ष से कल्पना झा।

इससे पहले सम्मेलन के उद्‌घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया। श्री मोदी

ने कहा कि वैश्विक वित्तीय संस्थानों में मतदान और नेतृत्व व्यवस्था को वर्तमान आर्थिक वास्तविकताओं के अनुरूप बनाने की जरूरत है।

–––बाइट–––

श्री मोदी ने कहा कि ब्रिक्स देशों को अगले 20 वर्षों के लिए महत्वाकांक्षी एजेंडे पर काम करना होगा। उन्होंने ब्रिक्स निरंतरता और कार्यान्वयन तंत्र बनाने का प्रस्ताव रखा, ताकि अध्यक्षता बदलने के बावजूद समूह की संस्थागत गति बनी रहे। उन्होंने वैश्विक शासन सुधार के लिए दस प्रस्ताव तैयार करने और अगले शिखर सम्मेलन तक सुधार की रूपरेखा बनाने का सुझाव दिया।

–––बाइट–––

दो दिवसीय ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में उभरती हुई अर्थव्यवस्था वाले ग्यारह देश भाग ले रहे हैं। भारत की अध्यक्षता में हो रहे ब्रिक्स बैठक की थीम है – **लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण।** सम्मेलन के दौरान, ब्रिक्स सदस्य देशों के नेता वैश्विक शासन व्यवस्था, बहुपक्षवाद, व्यापार और निवेश, प्रौद्योगिकी, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा, आपदा से निपटने की क्षमता और ज़रूरी आपूर्ति श्रृंखला जैसे विषयों पर भी चर्चा करेंगे।

---

न्यायमूर्ति वी. कामेश्वर राव कल पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। लोक भवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनैन उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। न्यायमूर्ति वी. कामेश्वर राव पटना उच्च न्यायायल के उनचासवें मुख्य न्यायधीश होंगे। इससे पहले वे दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीश थे।

---

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालतों में आपसी समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के दीवानी और कुछ प्रकार के फौजदारी मामलों का निपटारा हुआ। साथ ही लोक अदालतों के माध्यम से ट्रैफिक चालान से जुड़े मामलों का भी निष्पादन किया

गया। अररिया में कुल एक हजार आठ सौ उन्नीस और शिवहर में चार सौ साठ मामलों का निष्पादन किया गया। सुपौल में वाहन चालान से जुड़े दो सौ अस्सी मामले निष्पादित किये गये।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पटना में सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों और इसके तहत होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने विभागवार तैयारियों, कार्यक्रमों की रूपरेखा और सरकार की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने की रूपरेखा पर चर्चा की। बैठक में राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य मौजूद रहें।

---

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनैन ने कहा है कि सामाजिक विज्ञान शोध का उद्देश्य केवल शोध–पत्र प्रकाशित करना नहीं, बल्कि समाज को बेहतर समझना और बेहतर नीतिगत फैसलों में योगदान देना होना चाहिए। श्री हसनैन पटना के चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शोध में तथ्यों की विश्वसनीयता, निष्पक्षता और बौद्धिक ईमानदारी पर जोर दिया।

---

राज्य सरकार असंगठित क्षेत्र के तीन करोड़ से अधिक कामगारों को वित्तीय सहायता देगी। साथ ही उनके बच्चों की पढ़ाई–लिखाई में भी मदद दी जाएगी। श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग ने इसके लिए सामाजिक सुरक्षा निधि बनाने का निर्णय लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि निधि बनाने को लेकर विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। कामगारों को दी जाने वाली सहायता की रूपरेखा तय की जा रही है।

---

प्रदेश में बाढ़ की स्थिति में धीरे–धीरे सुधार हो रहा है। हालांकि अभी भी पन्द्रह जिलों के सत्तासी प्रखंडों की पांच सौ पचहत्तर ग्राम पंचायतों में अड़तालीस लाख से अधिक लोग बाढ़ की चपेट में हैं। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए एक हजार दो सौ अड़तालीस सामुदायिक रसोई केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। तेरह राहत शिविरों में भी प्रभावित लोगों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। राहत और बचाव कार्यों के लिए एसडीआरएफ की सत्ताईस और एनडीआरएफ की दस टीमें विभिन्न जिलों में तैनात हैं। इधर, केंद्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा और पुनपुन नदी के जलस्तर में लगातार गिरावट आ रही है। पिछले 24 घंटे में बक्सर, दीघाघाट, गांधीघाट, हथीदह, सुल्तानगंज और भागलपुर समेत गंगा के सभी निगरानी केंद्रों पर जलस्तर घटा है। पुनपुन नदी के जलस्तर में श्रीपालपुर में कमी दर्ज की गई है। मनेर में सोन नदी का जलस्तर घटा है, जबकि नदी के जलस्तर में कोईलवर में एक सेंटीमीटर की मामूली वृद्धि दर्ज की गई है। समाचार कक्ष से राहुल कुमार।

---

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने एक बार फिर बिहार की बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की है। पत्रकारों से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि बाढ़ के कारण बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है।

–––बाइट–––

---

बैंक ऑफ बड़ौदा ने मुख्यमंत्री राहत कोष में एक करोड़ रुपये की सहायता राशि दी है। पटना में आज बैंक के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को एक करोड़ रुपये का चेक सौंपा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बैंक के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह राशि राज्य में आपदा और कठिन परिस्थितियों के दौरान जरूरतमंद लोगों की सहायता में उपयोगी साबित होगी।

---

प्रदेश में मानसून कमजोर पड़ने से बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक चौवालीस दशमलव छह मिलीमीटर बारिश मुजफ्फरपुर के बोचहां में रिकॉर्ड की गई। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान

राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इस दौरान मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है।

———बाइट———

---

पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने आज जहानाबाद और गया सहित विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन पुनर्विकास कार्यों में उच्च गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों के कड़ाई से अनुपालन और निर्धारित समय–सीमा में परियोजनाओं को पूरा करने के निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने यात्री सुविधाओं के विस्तार और रेल परिचालन से जुड़े विषयों की भी समीक्षा की।

---

समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय के डैनी चौक के पास एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से साइकिल सवार एक छात्रा की मौत हो गई। हादसे से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।

---

अररिया जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र के भेभड़ा चौक के पास पुलिस ने एक ट्रक से एक हजार दो सौ छियालीस लीटर शराब के साथ चालक को गिरफ्तार किया है।

---

सीतामढ़ी में अपराधियों ने जिला परिषद प्रतिनिधि बैद्यनाथ महतो की गोली मारकर हत्या कर दी। सुबह टहलने के दौरान दो मोटरसाइकिल पर सवार चार अपराधियों ने उन पर फायरिंग की जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

---

मुंगेर जिले के कासिम बाजार के बेटवन बाजार में एक पार्टी के दौरान हर्ष फायरिंग के मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक बंदूक और चौदह कारतूस बरामद किये गये है। गिरफ्तार लोगों के शराब पीने की भी पुष्टि हुई है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर सत्रह सितम्बर से शुरू होने वाले सेवा ही संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर शेखपुरा के जिलाधिकारी शेखर आनंद ने समीक्षा बैठक की। इधर, इस अभियान की सफलता को लेकर बांका के बाराहाट में भारतीय जनता पार्टी की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया।

---

समस्तीपुर जिले के ताजपुर में किसानों ने खाद की कमी को लेकर सरकार के विरोध में प्रदर्शन किया।

---

सीवान के अंबेडकर भवन में राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा ने पोषण जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रथ के माध्यम से लोगों को संतुलित आहार, बच्चों के पोषण और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाएगा।

---

01. ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में नई दिल्ली घोषणा–पत्र स्वीकार। आतंकवाद के खिलाफ सामूहिक कार्रवाई पर जोर।

02. शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया।

03. न्यायमूर्ति वी. कामेश्वर राव कल पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे।

04. और, नदियों के जलस्तर में लगातार गिरावट से प्रदेश में बाढ़ की स्थिति में मामूली सुधार। अड़तालीस लाख लोग अब भी बाढ़ की चपेट में।

---

समाप्त